जागरण

Rohtas News: रोहतास में ब्रांडेड कंपनी का लोगो लगाकर चल रहा था काला खेल, नकली पाइप और पानी टंकी बेचने का खुलासा

संवाद सूत्र, चेनारी (रोहतास)। Rohtas News: रोहतास जिले के चेनारी बाजार में ब्रांडेड कंपनी का लोगो लगाकर अवैध तरीके से प्लास्टिक के पाइप और पानी टंकी का कारोबार चलाने वाले धंधेबाज पर बड़ी कार्रवाई हुई है। टीम की छापेमारी में खुलासा हुआ कि ब्रांडेड कंपनी के नाम पर लोगों को नकली पाइप, पानी की टंकी व अन्य सामान बेचे जा रहे हैं। ब्रांडेड कंपनियों के नकली उत्पाद बनाए जाने की शिकायत पर कंपनी की आपरेशनल टीम ने स्थानीय थाने की पुलिस के साथ प्रखंड मुख्यालय कार्यालय से आगे व्यापार मंडल के समीप स्थित संत चतुर्भुज हार्डवेयर स्टोर पर छापेमारी की, जहां से नकली पाइप, व पानी की टंकी बरामद हुई।

Source: https://www.jagran.com/bihar/rohtas-rohtas-news-black-game-was-going-on-in-rohtas-by-putting-logo-of-branded-company-selling-fake-pipes-and-water-tanks-revealed-23766844.html